# सुविधा शुल्क दीजिए, स्टे लीजिए !

## कलेक्टर की मंशा पर फिर रहा पानी, रामपुर नैकिन तहसील में लगाया भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप




नवभारत न्यूज

**सीधी / बघवार 14 जून। सुविधा शुल्क दीजिए, स्टे लीजिए का खेल तेजी से चल रह है। रामपुर नैकिन तहसील में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने से कलेक्टर की मंशा पर पानी फिर रहा है।**

कलेक्टर गांव-गांव जाकर गरीब और आम जनता की समस्याओं का समाधान करने में जुटे हैं तो वहीं तहसील रामपुर नैकिन के तहसीलदार आम जनता और गरीबों से सीमांकन, बंटवारा, वारिसाना के नाम पर खुलेआम पैसा वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं पैसे के दम पर कोई भी व्यक्ति तहसीलदार से स्थगन ले सकता है और स्थगन आदेश निरस्त करा सकता है। तहसीलदार रामपुर नैकिन के द्वारा खसरा नंबर 175 में विश्वनाथ साहू भरतपुर के अवैध अतिक्रमण करने पर 20 फरवरी 2026 को स्थगन देकर दोनों पक्षों को जबाब देने का समय 18 मार्च 2026 को दिये थे। किन्तु तहसीलदार ने बिना जवाब आये ही तय तारीख के पूर्व ही स्थगन आदेश निरस्त कर दिया। उसके बाद पुन: खसरा नंबर 175 एवं 177 पर विश्वनाथ साहू के द्वारा किये जा रहे अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाते हुए 3 जून को स्थगन आदेश जारी कर दिये। अब आज 14 जून को स्वयं मौका निरीक्षण करने गये और अवैध अतिक्रमण कर्ता विश्वनाथ साहू के घर पर बैठ कर चाय नस्ता करते रहे और फिर फरियादी को स्थगन आदेश निरस्त करने की धमकी देने लगें। जब फरियादी संतोष पाण्डेय ने तहसीलदार रामपुर नैकिन से कहा कि साहब सीमा मिलाकर सीमांकन करायें। तब तहसीलदार ने कहा कि मैं आपका आदेश मानने नहीं आया हूं आप चाहें संतुष्ट रहे या असंतुष्ट मुझे जो करना है वहीं करूंगा।

### इनका कहना है

हमें इसकी जानकारी नहीं थी। अगर ऐसा है तो मैं अभी तहसीलदार रामपुर नैकिन से बात करता हूं। आम जनता को न्याय मिले और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान हो इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। **विकास आनंद, एसडीएम चुरहट**

तहसीलदार रामपुर नैकिन शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की बजाय अतिक्रमण कर्ता को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। ग्राम पंचायत भरतपुर परिसर की शासकीय भूमि पर विश्वनाथ साहू पिता जमुना साहू अवैध अतिक्रमण किये हुए हैं। एसडीएम चुरहट के द्वारा अतिक्रमण हटाने के निर्देश के बाद भी तहसीलदार रामपुर नैकिन अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं। **वसुधा सिंह सरपंच ग्राम पंचायत भरतपुर**

तहसीलदार रामपुर नैकिन पहले स्थगन देते हैं और फिर निरस्त कर देते हैं। फिर वही भूमि पर पुन: स्थगन ले लेते हैं और फिर सुविधा शुल्क लेकर स्थगन आदेश निरस्त कर देते हैं। तहसील रामपुर नैकिन में खुलेआम पैसा लेकर स्टे देने और स्टे निरस्त करने का खेल खुलेआम हो रहा है। **सीमा पाण्डेय, जनपद सदस्य भरतपुर**

# गजरही में रेलवे ने तोड़े मकान, विरोध के बीच कई परिवार बेघर

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जून। जिले के बहरी थाना क्षेत्र के ग्राम गजरही में रविवार दोपहर रेलवे विभाग ने अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। रेलवे अधिकारियों और ठेकेदार की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर कई मकानों को ध्वस्त कर दिया गया।**



इस कार्रवाई का प्रभावित परिवारों ने जमकर विरोध किया, जिससे मौके पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही जेसीबी मकानों को तोड़ने पहुंची, स्थानीय लोग विरोध में उतर आए। कई ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर जेसीबी चालक के सामने खड़े हो गए और कार्रवाई रोकने का प्रयास किया। कुछ देर तक मौके पर विवाद की स्थिति बनी रहीए लेकिन अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रखी गई। स्थानीय निवासी आशीष यादव ने आरोप लगाया कि उनके मकान सहित उनके परिवार के कुल 6 मकानों को बिना किसी मुआवजे के तोड़ दिया गया। उन्होंने मुन्ना यादव और सुरेश यादव के मकानों का भी जिक्र किया। आशीष यादव के अनुसार उन्होंने कई बार तहसील कार्यालय में आवेदन देकर मुआवजा और पुनर्वास की मांग की थी, लेकिन किसी अधिकारी ने उनकी बात नहीं सुनी। इस मामले में संबंधित अधिकारियों ने कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

### बारिश के मौसम में परिवार परेशान

ग्रामीण आशीष यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और ऐसे समय में मकान तोड़ दिए जाने से उनका पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। उन्होंने प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि अब उनके सामने अपने परिवार को सुरक्षित रखने की बड़ी चुनौती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाना आवश्यक था तो पहले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। बिना किसी वैकल्पिक इंतजाम के मकान तोड़ने से कई परिवार बेघर हो गए हैं जिससे उनके सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

## अमित बने नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी



**सीधी 14 जून।** नरेंद्र मोदी विचार मंच भारत मध्यप्रदेश द्वारा अमित कुमार श्रीवास्तव निवासी तहसील कुसमी जिला सीधी को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति 13 जून से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। जारी नियुक्ति पत्र में संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि अमित कुमार श्रीवास्तव अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अमित कुमार श्रीवास्तव की इस नियुक्ति पर क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक एवं पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समर्थकों ने आशा व्यक्त की है कि वे संगठन और समाज के हित में प्रभावी भूमिका निभाते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## एक नजर में

### कुसमी में त्रिदिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ



**कुसमी।** प्रदेश शासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक संचालित विशेष जनकल्याण अभियान के अंतर्गत विकासखंड कुसमी में त्रिदिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करना, विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना तथा योजनाओं के लाभों का त्वरित वितरण करना है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीराबाई सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एसडीएम शैलेश द्विवेदी, जनकल्याण शिविर के नोडल अधिकारी प्रवेश मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, डॉ .हिमेश पाठक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री त्रयंबकेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ 18 को सौंपेगा ज्ञापन



**सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद राज्य सहित देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रातांध्यक्ष डॉ .क्षत्रवीर सिंह राठौर ने घोषणा की है कि 18 जून को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षक संघ ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया है कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के अर्जित सेवा अधिकारों और रोजगार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाए, ताकि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के हित प्रभावित न हों। श्री पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक साथी अवगत हो और 18 जून को 4 :30 बजे वीथिका भवन सीधी में अधिक से अधिक तादात में उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपने मे सहभागी बने।

### स्कूल चलें हम अभियान का द्वितीय चरण 16 से

**सीधी।** ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद जिले की सभी शासकीय एवं सांदीपनी विद्यालयों में 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा। इसके साथ ही 16 जून से 30 जून तक स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों के नामांकन, स्वागत एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक पात्र बच्चे का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान कर उनका पुन: नामांकन कराया जाए। नामांकन, कक्षोन्नति और ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की प्रगति की सतत समीक्षा की जाएगी। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने तथा उसकी ऑनलाइन प्रविष्टि एजुकेशन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मिशन अंकुर के तहत बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार, आंगनवाड़ी-विद्यालय को-लोकेशन, स्वच्छ पेयजल, बालिका शौचालयों की कार्यशीलता एवं विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया जाए, बाल सभाओं का आयोजन हो, प्रथम दिवस विशेष भोज कराया जाए तथा शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी पालकों को दी जाए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समितियों की बैठक आयोजित कर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए।

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत विशेष ऋण शिविरों का आयोजन

**सीधी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री शीतल भलावी के मार्गदर्शन में लोक कल्याण मेला अंतर्गत नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के तहत विशेष ऋण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों का उद्देश्य शहर के रेहड़ी, पटरी, ठेला, फल-सब्जी विक्रेता, चाट-पकौड़ी, कपड़ा, खिलौना एवं अन्य छोटे व्यवसाय करने वाले हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए आसान ऋण उपलब्ध कराना है। योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रथम चरण में 15 हजार रुपये तक, समय पर ऋण चुकाने पर द्वितीय चरण में 25 हजार रुपये तक तथा व्यवसाय विस्तार के लिए तृतीय चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। समय पर ऋण अदायगी करने वाले हितग्राहियों को 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष 1200 रुपये तक का कैशबैक भी प्रदान किया जाएगा। विशेष शिविर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 .30 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। 15 एवं 16 जून को नगर पालिका परिषद सीधी परिसर में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 के हितग्राहियों के लिए शिविर लगेगा। 17 एवं 18 जून को गांधी चौक पार्किंग स्थल पर वार्ड क्रमांक 5, 6 एवं 17, 19 जून को शहीद श्यामलाल सिंह की प्रतिमा स्थल के समीप वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 एवं 13, 22 एवं 23 जून को सोनांचल बस स्टैंड में वार्ड क्रमांक 14, 15, 16 एवं 18 तथा 24 जून को शासकीय कन्या महाविद्यालय के पास हनुमान मंदिर परिसर में वार्ड क्रमांक 7, 11 एवं 12 के हितग्राहियों के लिए शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 25 जून को आंगनवाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 20 में वार्ड 19 एवं 20 तथा 29 जून को नई गल्ला मंडी में वार्ड क्रमांक 21, 22, 23 एवं 24 के हितग्राहियों के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। नगर पालिका परिषद सीधी ने सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स एवं छोटे व्यवसायियों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर योजना का लाभ लेने की अपील की है।



# रामपुर नैकिन में जनकल्याण शिविर के दूसरे दिन आयोजित हुई कृषक चौपाल

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जून। प्रदेश शासन द्वारा संचालित विशेष जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नगर परिषद सभागार रामपुर नैकिन में आयोजित जनकल्याण शिविर के दूसरे दिन का आयोजन किसान कल्याण वर्ष की थीम पर किया गया।**

इस अवसर पर कृषक चौपाल का आयोजन कर किसानों को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, स्वास्थ्य, सहकारिता एवं सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कृषक चौपाल में कृषि विभाग की ओर से सहायक संचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा डॉ.राजेश सिंह ने किसानों को उन्नत खेती, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा शासन द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि करने का आह्वान किया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामपुर नैकिन तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रवण कुर्मी ने किसानों को खरीफ फसलों की तैयारी, उर्वरक एवं बीज प्रबंधन, फसल सुरक्षा उपायों तथा कृषि विभाग की विभिन्न अनुदान आधारित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। मत्स्य विभाग के मयंक मिश्रा ने एवं उद्यानिकी विभाग के आरएचईओ ओमकार तिवारी ने कार्यक्रमों तथा विभागीय अनुदान योजनाओं पर प्रकाश डाला। चौपाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं, मौसमी बीमारियों से बचाव तथा स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

# वेब सीरीज़ राख में प्रसन्न सोनी ने निभाया धनीराम का किरदार

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जून। हाल ही में अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हुई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज़ राख इन दिनों दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।**



वर्ष 1978 की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज़ एक बहुचर्चित अपराध की जांच और उसके पीछे छिपे रहस्यों को उजागर करती है। सीरीज़ में बॉलीवुड अभिनेता अली फज़ल मुख्य भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। वहीं सोनाली बेंद्रे, आमिर बशीर और राकेश बेदी जैसे अनुभवी कलाकारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। इसी बहुचर्चित वेब सीरीज़ में सीधी के अभिनेता प्रसन्न सोनी ने धनीराम का किरदार निभाया है। यद्यपि यह एक सहायक भूमिका है लेकिन अपने प्रभावशाली अभिनय और सहज प्रस्तुति के कारण उन्होंने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। किसी भी कलाकार के लिए राष्ट्रीय स्तर के ओटीटी मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है और प्रसन्न सोनी ने इस अवसर को अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर हासिल किया है। अपने किरदार के बारे में बताते हुए प्रसन्न कहते हैं कि धनीराम एक ऐसा पात्र है जिसके भीतर अच्छाई और बुराई दोनों मौजूद हैं। एक ओर वह बुरे लोगों के साथ दिखाई देता है वहीं दूसरी ओर वह चोरी-छिपे अच्छाई का भी साथ देता है। यही द्वंद्व इस किरदार को रोचक और चुनौतीपूर्ण बनाता है। प्रसन्न सोनी इससे पहले भी कई विज्ञापनों और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं, लेकिन वेब सीरीज़ राख को वह अपने अभिनय जीवन का अच्छा अनुभव मानते हैं। उनका मानना है कि इस प्रोजेक्ट ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है। रंगमंच में लगातार सक्रिय रहने के कारण उन्हें अभिनय की मजबूत नींव मिली, जिसका लाभ उन्हें कैमरे के सामने भी मिला।

## संदीप सिंह ने प्राप्त की पीएचडी की उपाधि

नवभारत न्यूज

**चुरहट 14 जून। चुरहट क्षेत्र के टीकटकला निवासी सच्चेलाल सिंह के पुत्र संदीप सिंह ने भोपाल स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी से विधि विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।**

संदीप सिंह ने अपना शोध कार्य द रोल ऑफ सोशल मीडिया इन इंडियन डमोक्रेसी: ए क्रिटिकल एनालिसिस विषय पर पूर्ण किया। उनका यह शोध कार्य डॉ.रमेश शुक्ला के मार्गदर्शन एवं सुपरविजन में संपन्न हुआ। अपने शोध के माध्यम से उन्होंने भारतीय लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका, उसके प्रभाव तथा उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# जिला कांग्रेस अध्यक्ष का समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जून। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के जन्मदिन के अवसर पर उनके निज निवास पर सुबह से देर शाम तक शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।**

जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे वरिष्ठजन, माताएं-बहनें, युवा साथी, कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में समर्थकों और शुभचिंतकों ने उनसे मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर पूरे दिन उत्साह, उल्लास और आत्मीयता का माहौल देखने को मिला। शुभचिंतकों ने ज्ञान सिंह का फूलमालाओं, पुष्पगुच्छों एवं अंगवस्त्रों से सम्मान किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कई स्थानों से आए समर्थकों ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं और उन्हें मिठाई खिलाकर अपना स्नेह एवं सम्मान व्यक्त किया। जन्मदिन के अवसर पर पहुंचे कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया और पूरे परिसर में बधाइयों एवं शुभकामनाओं का सिलसिला लगातार चलता रहा। आगंतुकों के स्वागत एवं सत्कार के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

# छ: दिवसीय शिक्षक प्रेरणा व दक्षता संवर्धन कार्यशाला का समापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार विकासखंड सीधी में 7 से 13 जून 2026 तक आयोजित छ: दिवसीय शिक्षक प्रेरणा एवं गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक दक्षता संवर्धन तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वातावरण को सुदृढ़ बनाना रहा।**



बीआरसीसी सीधी डॉ.राजेश पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय विकास एवं प्रबंधन, प्रभावी शिक्षण कौशल, टीचिंग-लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) के उपयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, एनसीएफ-2023, प्रयोगशालाओं के शैक्षणिक उपयोग, शिक्षा में नवाचार, शैक्षिक संवाद तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में सुधार से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में नेतृत्व क्षमता एवं टीमवर्क, समावेशी शिक्षा, शिक्षक दक्षता संवर्धन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, एनसीएफ-2023 को विद्यालय स्तर पर लागू करने की रणनीतियों तथा मिशन अंकुर के माध्यम से विद्यार्थियों को निपुण बनाने संबंधी गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई। कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोणों और नवाचारों से परिचित कराया गया, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी पहल हो सके। प्रशिक्षण के द्वितीय बैच में मास्टर ट्रेनर अभयराज योगी, धीरज सिंह चौहान, राजेश सिंह गहरवार, दयाशंकर पाण्डेय, राजकुमार सिंह चौहान, सचिन हलवाई एवं राजेश बहादुर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों को भी समझना चाहिए : विकास

## समान नागरिक संहिता पर विद्यार्थियों ने रखे सशक्त तर्क, समान नागरिक संहिता पर सुझाव आमंत्रित, कलेक्टर ने नागरिकों से की सक्रिय सहभागिता की अपील

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जून। मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता ( यूसीसी ) के संबंध में जनसुझाव प्राप्त करने की प्रक्रिया अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग की अगुवाई में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया में समान नागरिक संहिता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**




वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने समान नागरिक संहिता के विभिन्न सामाजिक, संवैधानिक, विधिक और प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। विद्यार्थियों ने अपने तर्कों में समानता, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, पारिवारिक कानूनों में एकरूपता, नागरिक अधिकारों की समान सुरक्षा तथा सांस्कृतिक विविधता जैसे विषयों को प्रमुखता से रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रहकर समसामयिक विषयों, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों को भी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर परिपक्व राय बनाने के लिए उसके सभी पक्षों का अध्ययन आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि समावेशी विकास ही किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति का आधार होता है। जब समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर, सम्मान और भागीदारी प्राप्त होती है, तभी विकास के सकारात्मक परिणाम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचते हैं।

उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा, अवसर, अधिकार और निर्णय प्रस्त्रि5या में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में विवाह, विवाह-विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार एवं अन्य पारिवारिक विषय विभिन्न विधिक प्रावधानों के अंतर्गत संचालित होते हैं। इन विषयों के विधिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक पहलुओं का समग्र अध्ययन कर नागरिकों के लिए अधिक न्यायसंगत, समान एवं स्पष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के संयोजन में किया गया।

### समान नागरिक संहिता पर सुझाव किये जा रहे आमंत्रित

कलेक्टर ने कहा कि समिति द्वारा समान नागरिक संहिता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रदेशभर से सुझाव और अभिमत आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिले के नागरिक, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, अधिवक्ता, राजनीतिक दल, गैर-शासकीय संस्थाएं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन तथा अन्य इच्छुक नागरिक इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं। नागरिक अपने सुझाव पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं तथा डाक के माध्यम से भी अपने अभिमत प्रेषित कर सकते हैं।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में द्वारिका प्रसाद गुप्ता व्यवस्थापक सरस्वती विद्यालय, रमेशचंद्र त्रिपाठी प्राचार्य सरस्वती विद्यालय करौंदिया, मनोज कुमार शर्मा प्राचार्य सरस्वती विद्यालय सुभाष नगर सीधी, अमोल सिंह सेंगर प्राचार्य सरस्वती विद्यालय जमोड़ी तथा दिनेश तिवारी प्रधानाचार्य सरस्वती विद्यालय कोटहा सहित सीधी मुख्यालय के सभी सरस्वती विद्यालयों के आचार्यगण, बहन शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।